# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 16.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- **बोकारो में पुलिस और नक्सलियों में भीषण मुठभेड़, दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर, एक जवान भी शहीद।**
- **रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात, झारखंड के लिए दो लाख पीएम आवास की मांगी स्वीकृति।**
- **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की खास पहल, निःशुल्क करा पायेंगे सात वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों का आधार अपडेट।**
- **राज्य के कई जिलों में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त, सड़कों पर जलजमाव, निचले इलाकों के घरों में घुसा पानी।**
- **64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले आज से रांची में होंगे शुरु, कल शिक्षा मंत्री रामदास करेंगे औपचारिक उद्घाटन।**

********************

बोकारो जिले के लुगू पहाड़ की तलहटी स्थित काशीटांड़ जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। खबरों में बताया गया है कि दोनों ओर से रुक रुक कर गोलीबारी की जा रही है। इस मुठभेड़ में एक कुख्यात नक्सली कुंवर मांझी समेत दो नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। कुंवर मांझी पर सरकार ने पांच लाख तक का इनाम घोषित कर रखा था। सुरक्षाबलों ने जिला पुलिस, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ के साथ मिलकर नक्सलियों की घेराबंदी कर रखी है।

********************

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस मुलाकात में झारखंड के ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं और उसके क्रियान्वयन पर रक्षा राज्य मंत्री ने चर्चा की। श्री सेठ ने झारखंड में दो लाख लाभुकों के लिए पीएम आवास स्वीकृत करने का आग्रह केन्द्रीय मंत्री से किया।

********************

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने अभिवावकों से सात वर्ष की आयु से अधिक के बच्चों का अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक अद्यतन कराने को कहा है।

********************

जमशेदपुर के दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में पहाड़ी पर मौजूद शिवलिंग पर जलार्पण करने वाले भक्तों से प्रवेश शुल्क वसूली को लेकर उत्पन्न विवाद खत्म हो गया है। वन विभाग ने जलार्पण के लिए आने वाले कांवड़ियों से शुल्क नहीं लेने का फैसला किया है। पूर्वी सिंहभूम के डीएफओ सबा अलाम अंसारी ने इसकी पुष्टि की है।

*******************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता 18 जुलाई को झारखंड पुलिस मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में वे नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर गठित समितियों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

*******************

जमशेदपुर के टूईला डूंगरी गुरुद्वारा की नयी कमिटी का विस्तार किया गया। नयी कमिटी के विस्तार के बाद आज जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू गुरुद्वारा पहुंची और नये पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और गुरुद्वारा में हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

*******************

विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए गढ़वा जिले में कई सार्थक कदम उठाये जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं

*******************

भारतीय शेयर बाजार आज गिरावट के साथ शुरु हुई। दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लाल रंग के निशान पर खुले। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 103 दशमलव 16 अंक की गिरावट के साथ 82 हजार 467 अंक पर जबकि निफ्टी 56 अंक फिसलकर 25 हजार 139 अंक पर रहा।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार 8 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 18 हजार रूपये है।

*******************

**अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- रांची जिले के नामकुम पावर ग्रिड में डकैती करने वाले अपराधियों की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। मामले में नामकुम पुलिस को भी कई अहम जानकारियां मिली है, जिसके आधार पर अपराधियों की तलाश की जा रही है।

- हुसैनाबाद की दंगवार ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग के दौरान एक वेस्ट बंगाल नंबर की कार से 500 लीटर स्पिरिट बरामद किया है। पुलिस कार सवार से पूछताछ कर रही है।

- सरायकेला–खरसावां जिले के कुचाई के सियाडीह–रुगुडीह मुख्य मार्ग पर रामडीह गांव के समीप अनियंत्रित होकर बारातियों से भरी एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में कई लोगों को चोटें आयी हैं।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में पिछले कई घंटों से रुक रुक कर लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में पिछले 12 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इससे सभी जलाशय उफान पर हैं और सड़कों पर जलजमाव की स्थिति पैदा हो गयी है। निचले इलाकों के घरों में पानी घुस आया है, जिससे लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, साहेबगंज में तीन चार दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से सड़कों से लेकर पुल– पुलिया तक में पानी भरा आया है। अधिक वर्षा होने से बोरियो– बरहेट मुख्य पथ पर स्थित तेलो डायवर्सन पर पानी चढ़ गया है। इस वजह से इस मार्ग पर वाहनों का परिचालन बाधित हो गया है। उधर, देवघर में भी पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इससे शहरी इलाके में जल–जमाव की समस्या पैदा हो गई है। जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनासी डैम का जल निकासी द्वार टूट जाने के कारण कई गांव जलमग्न हो गए हैं और उनका जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है।

********************

64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आज से रांची में शुरु हो रहा है। 19 जुलाई तक चलने वाली यह प्रतियोगिता प्रैक्टिस मैदान खेलगांव और बीआईटी मेसरा के मैदान में होगी। इसमें पांचों प्रमंडलों के विजेता खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मुकाबले आज से शुरु हो जायेंगे लेकिन प्रतियोगिता का औपचारिक उदघाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन कल शाम चार बजे करेंगे। इसमें विजेता टीमें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******समाप्त*******